आकाशवाणी श्री विजयपुरम

01.11.2026 समय : 1905

1. अंडमान निकोबार द्वीप समूह का स्थापना दिवस आज टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में मनाया गया।
2. देश में आज से लागू हुए वित्तीय, टैक्स और प्रशासन से जुड़े कई महत्वपूर्ण बदलाव। छोटे कारोबारियों, कर दाताओं और पेंशनभोगियों पर पड़ेगा सीधा असर।
3. मायाबंदर के नागरिकों को समस्याओं के समाधान का मिलेगा अवसर, जिला कार्यालय में कल लगेगा जन सुविधा शिविर।
4. अंडमान निकोबार द्वीप समूह में तटीय सुरक्षा पर पुलिस मुख्यालय के सम्मेलन कक्ष में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का स्थापना दिवस आज श्री विजयपुरम के टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में मनाया गया। इस अवसर पर उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न राज्यों और सांस्कृतिक संघों के प्रतिनिधियों ने पारंपरिक वेशभूषा में अपनी अनूठी संस्कृतियो ंकी झलक पेश की। अपने संबोधन में उपराज्यपाल ने द्वीपों की अनूठी बहुसांस्कृतिक पहचान पर प्रकाश डालते हुए इसे "एक भारत श्रेष्ठ भारत" और ''लघु भारत'' का जीवंत प्रतीक बताया। उन्होंने सांस्कृतिक सद्भाव, आपसी सम्मान और देश के विभिन्न हिस्सों से आए समुदायों के बीच शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व के महत्व पर भी जोर दिया।

इस दौरान सांसद बिष्णु पद रे ने अपने संबोधन में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन और जापानी कब्जे के दौरान द्वीपों के ऐतिहासिक संघर्षों को याद किया। इतिहासकार डॉ. रशीदा इकबाल ने "अंडमान और निकोबारः इतिहास, विरासत और विकास के माध्यम से एक यात्रा" विषय पर विशेष प्रस्तुति देते हुए, द्वीपों में कैद भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा सहे गए ऐतिहासिक संघर्षों, कठिनाइयों पर प्रकाश डाला और देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनके बलिदानों को याद किया। कला और संस्कृति विभाग द्वारा पारंपरिक नृत्य, संगीत, कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

आज से देश में वित्तीय, टैक्स और प्रशासन से जुड़े कई महत्वपूर्ण बदलाव लागू हो गए हैं। इनका असर छोटे कारोबारियों, करदाताओं, निवेशकों, पेंशनभोगियों और मोबाइल फोन इस्तेमाल करने वालों पर पड़ेगा। जीएसटी के नए नियमों के तहत ऑनलाइन सामान बेचने वाले छोटे कारोबारियों के लिए अलग–अलग राज्यों में कारोबार करना आसान होगा। इसके अलावा, जीएसटी रिफंड की प्रक्रिया भी तेज की जाएगी। कुछ श्रेणियों में रिफंड अपने आप मंजूर हो सकेंगे। नए नियमों के तहत कारोबारियों को सामान की सप्लाई के बाद दिए जाने वाले डिस्काउंट पर भी जीएसटी के मामले में अधिक छूट मिलेगी। इसके अलावा, सभी एसेट मैनेजमेंट कंपनियों के डिजिटल निवेश प्लेटफॉर्म पर अब डायरेक्ट प्लान डिफॉल्ट विकल्प होंगे। 80 वर्ष से कम उम्र के पेंशनभोगी आज से इस महीने की 30 तारीख तक अपना वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। 80 वर्ष और उससे अधिक उम्र के पेंशनभोगियों के लिए यह प्रक्रिया पिछले महीने से शुरू हो चुकी है। वहीं, दूरसंचार विभाग ने आज से सभी टेलीकॉम कंपनियों के लिए कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन सेवा लागू करना अनिवार्य कर दिया है। इस सुविधा के

तहत फोन आने पर नंबर के साथ कॉल करने वाले का नाम भी दिखाई देगा। इससे अनजान कॉल की पहचान करने और धोखाधड़ी वाले कॉल पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय साधन–सह–मेधा छात्रवृत्ति योजना के तहत शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ाकर 15 नवंबर कर दी है। मंत्रालय ने कहा है कि इससे पात्र विद्यार्थियों को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने से पहले विद्यार्थियों को पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन यानी ओटीआर पूरा करना होगा। यह पोर्टल इस वर्ष एक जून से खुला है। 30 अक्टूबर तक इस पर करीब 90 हजार नए और लगभग दो लाख नवीनीकरण के आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों को हर साल 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जाती है। यह राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है। पहले से आवेदन कर चुके विद्यार्थियों को अपने आवेदन का सत्यापन 30 नवंबर तक संस्थान स्तर पर और 15 दिसंबर तक जिला स्तर पर कराना होगा। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी विद्यार्थियों को पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके तहत हर साल कक्षा नौ के पात्र विद्यार्थियों को एक लाख नई छात्रवृत्तियां दी जाती हैं। योजना के अंतर्गत विद्यार्थी कक्षा आठ के बाद कक्षा 12 तक अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं।

<><><><><><><>

मायाबंदर में आम जनता की शिकायतों और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कल जन सुविधा शिविर आयोजित किया जाएगा। उपराज्यपाल के शिकायत निवारण दिवस के तहत प्रत्येक महीने की पहली तारीख को आम लोगों की शिकायतों, समस्याओं और सेवा संबंधी आवेदनों का समयबद्ध तथा प्रभावी निपटारा करने का प्रस्ताव रखा गया है। सहायक आयुक्त की ओर से कल सुबह ग्यारह बजे मायाबंदर जिला कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में जन सुविधा शिविर लगाया जाएगा। प्रशासन ने मायाबंदर तहसील के सभी पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों से इस शिविर का व्यापक प्रचार–प्रसार करने का अनुरोध किया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

<><><><><><><>

आवास एवं संपदा अनुभाग ने वर्ष 2026–27 के लिए सामान्य पूल के अंतर्गत सरकारी आवास आवंटन की अनंतिम वरिष्ठता सूची जारी की है। यह सूची aaga.andamannicobar.gov.in पर उपलब्ध है। प्रशासन के अनुसार, संबंधित विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों और कार्यालय प्रमुखों से सत्यापित ऑनलाइन आवेदनों के आधार पर श्रेणीवार और आवास के प्रकार के अनुसार सूची तैयार की गई है। आवेदक अपनी वरिष्ठता से संबंधित दावे या आपत्तियां 4 नवंबर को शाम 5 बजे तक संबंधित डी डी ओ या एच ओ ओ के माध्यम से सचिवालय के सहायक सचिव के पास जमा करा सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में तटीय सुरक्षा पर कल पुलिस मुख्यालय के सम्मेलन कक्ष में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की सह अध्यक्षता वाइस एडमिरल बिस्वजीत दासगुप्ता और पुलिस महानिदेशक ने की। इस दौरान द्वीप समूह की तटीय सुरक्षा और हितधारकों के साथ समन्वय बढ़ाने पर चर्चा की गई। सेमिनार में तटीय पुलिसिंग, सुरक्षा चुनौतियों और मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की गई, साथ ही तटीय सुरक्षा को मजबूत बनाने में मछुआरा समुदाय की भूमिका पर भी विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा समन्वयक ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुखता करने के लिए विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर आपसी समन्वय की आवश्यकता को

रेखांकित किया। इस बैठक में पुलिस, प्रशासन और तटीय सुरक्षा से जुड़े सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

<><><><><><><><>

सांसद विष्णु पद रे ने हाल ही में बर्मानाला, इंदिरा नगर और गुप्तपाड़ा में दो ग्रामीण सड़कों के निमार्ण कार्य की आधारशिला रखी। इन कार्यों को भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 13.50 करोड़ रुपये की कुल अनुमानित लागत पर स्वीकृति दी गई है। जिसमें बर्मानाला से पेमा जंक्शन होते हुए मक्कापहाड़ तक ग्रामीण सड़क का निर्माण और SH–10 से गुप्तपाड़ा–II, सामुदायिक सभागर तक की ग्रामीण सड़क का निर्माण कार्य शामिल है। ये सड़कें पिछले कई वर्षों से जर्जर स्थिति में थीं, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। सांसद ने इन महत्वपूर्ण सड़क विकास परियोजनाओं को स्वीकृति देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराज्यपाल और प्रशासन के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से नवम्बर–दिसम्बर माह में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किए जाएंगे। लड़के, लड़कियों, पुरुष और महिला श्रेणी मे विभिन्न आयु–वर्ग के टूर्नामेंट नवंबर के पहले सप्ताह से शुरू होंगे। इस संबंध में सभी टीम अधिकारियों, टीम प्रमुखों और संबंधित प्रतिनिधियों से टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए अपनी टीमों का पंजीकरण कराने को कहा गया है।

<><><><><><><><>